हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अक्टूबर 2025



04 विश्व प्रसिद्ध उदयपुर में विश्व विरासत में शामिल...



08 ग्राहकों से ठगी : बिना मानक तराजू तौल-कांटे से ...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री चौहान का दौरा कार्यक्रम आज

**विदिशा।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 12 अक्टूबर को जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आज रविवार 12 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे विट्ठल नगर में स्थित अपना घर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे समाजसेवियों से चर्चा, दोपहर 1.45 बजे भंडारी पैलेसे में आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.45 से 3 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। इसके बाद दोपहर 3 बजे नवीन व्यापार आध्या इंटरप्राइजेस के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद दोपहर 3.30 बजे ग्राम बामनखेड़ा में धान के किसानों से चर्चा, 4.30 बजे इन्द्रप्रस्थ कालोनी में देवना अरोरा के निवास पर आगमन के बाद शाम 4.40 बजे सिंधी कॉलोनी डंडापुरा में सुरेश मोतियानी के निवास पर पहुंचेगें। 4.50 बजे भोपाल के लिए रवना होंगे।

### धर्म संसद आज

**विदिशा।** समर्पित सेवा मंडल के तत्वावधान में रविवार को कामधेनू मंगल वाटिका में दोपहर 12 बजे से धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। इस धर्मसभा में प्रमुख वक्ता के रूप में श्रीराम केशव लॉकरे, आचार्य योगेंद्र, राजेश रावत एवं शिवानंद महाराज अपने उद्बोधन से उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दें। आयोजक मंडल ने शहरवासियों से उपस्थिति होने का अनुरोध किया है। ताकि इस आध्यात्मिक व राष्ट्रप्रेरक आयोजन का सामूहिक रूप से लाभ लिया जा सके।

### दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ

**विदिशा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्म निर्भरता मिशन का शुभांरभ किया। कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्यपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं व 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का विदिशा जिले में भी सीधा देखने सुनने का प्रबंध किया गया। विदिशा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेडिया, सहायक संचालक महेन्द्र ठाकुर, मंडी सचिव नीलकमल वैद्य सहित अन्य व्यापारी, हम्माल व तुलावटों के साथ-साथ किसान समेत मंडी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने किसानों की समस्याएं सुलझाई

**विदिशा।** विदिशा तहसील की पीपलखेड़ा सहकारिता समिति में किसानों के लिए हो रही दिक्कतों का निदान विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा ने समिति में पहुंचकर क्षेत्र के सरपंच, किसान व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समस्याओं पर चर्चा के बाद समाधान कराया। किसानों की समस्याओं का निराकरण व पोर्टल संबंधी कार्रवाई से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार व समिति प्रबंधक और कॉ-आपरेटिव बैंक के जीएम भी मौजूद रहे।

### गर्ल्स कॉलेज में युवा उत्सव का आयोजन

**विदिशा ।** गर्ल्स कॉलेज में युवा उत्सव शुरू हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें वक्तृत्व, वाद-विवाद और प्रश्नमंच शामिल थे। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने बताया कि यह उत्सव विद्यार्थियों को कॉलेज, जिला, विश्वविद्यालय और राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है।

# जिस आदेश का हवाला देकर सिरोंज और कुरवाई बीएमओ हटाए, उसी आदेश को ठेंगा दिखाकर मेडिकल ऑफिसर को लटेरी बीएमओ बनाए बैठे हैं सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हरिभूमि पड़ताल

किसी भी संविदा कर्मचारी को प्रभार न सौंपने के एनएचएम के आदेश का हवाला देते हुए सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार ने कुरवाई और सिरोंज के प्रभारी बीएमओ को हटाते हुए अपनी मूल पदस्थापना पर पहुंचा दिया है। जबकि लटेरी में सविंदा कर्मचारी डॉक्टर अभिषेक उपाध्याय अभी भी बीएमओ बने बैठे हैं। जिनकी कई शिकायत होने के बाद भी सीएमएचओ उन पर मेहरबान हैं। 2 साल से डॉक्टर उपाध्याय नियम विरुद्ध बीएमओ का पद शुभोभित कर रहे हैं। जबकि उनकी मूल पदस्थापना प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र गरेंठा में मेडिकल ऑफिसर के रूप में हैं। इसके बाद भी कमिश्नर तरुण राठी के आदेश का उल्लंघन करते हुए लटेरी बीएमओ के पद पर पदस्थ रखा गया है।

### एनएचएम के आदेश का हवाला देकर ही डॉक्टर विकास कुमार को हटाया

एनएचएम द्वारा 14 अगस्त को जारी पत्र में कहा गया है कि प्रशासकीय, प्रशासनिक पदों के प्रभार में पदस्थ विशेषज्ञों, पीजीएमओ एवं संविदा चिकित्सा अधिकारियों को समस्त प्रभार से मुक्त कर तत्काल चिकित्सकीय कार्य निर्वहन के लिए आदेशित किया जाए। इसी आदेश का हवाला देते हुए डॉक्टर विकास कुमार सिंह को सिरोंज बीएमओ के पद से हटाकर मूल पदस्थापना स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गरेंठा पहुंचा दिया गया है और सिरोंज जन चिकित्सालय अधिकारी डॉक्टर नीरज पंथी को अपने कार्य के साथ- साथ अस्थाई रूप से अन्य आगामी आदेश तक जन चिकित्सालय सिरोंज का बीएमओ नियुक्त किया गया है।

### डॉ आजाद को भी कुरवाई बीएमओ के पद से हटाया, प्रमोद दीवान को बनाया

एमएनएम के आदेश का हवाला देते हुए पीजीएमओ डॉक्टर आजाद सिंह ठाकुर को भी कुरवाई बीएमओ के पद से हटा दिया गया है। उन्हे कुरवाई से हटाकर अपनी मूल पदस्थापना स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई में चिकित्सीय कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है। उनके स्थान पर डॉक्टर प्रमोद दीवान जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी को अस्थाई रूप से अन्य आगामी आदेश तक कुरवाई बीएमओ का प्रभार सौंपा गया है।

### लटेरी बीएमओ को भी हटाएंगे

एनएचएम के आदेश का पालन करते हुए दोनों को बीएमओ के पद से हटाकर अपनी मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा गया है। लटेरी के प्रभारी बीएमओ को भी जल्द हटाया जाएगा। थोड़ा समय लग रहा है। धीरे धीरे सब कर रहे हैं। कुरवाई बीएमओ की लगातार शिकायत आने पर यह कार्रवाई की गई है। लटेरी बीएमओ के संबंध में भी शिकायत प्राप्त हुई थी। उन्हे चेतावनी पत्र भी जारी किया गया था। जल्द ही उन्हे भी अपनी मूल पदस्थापना पर भेजा जाएगा।

- डॉ.रामहित सिंह, सीएमएचओ विदिशा।

## थाना सिविल लाइन पुलिस की जुआ विरोधी अभियान में बड़ी कार्रवाई

# सिविल लाइन पुलिस ने12 जुआरी गिरफ्तार किए, 90 हजार नकद जब्त

***सिविल लाइन पुलिस ने जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की रात करीब 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन पुलिस की जुआ एक्ट में की गई इस कार्रवाई को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है। क्योंकि इस कार्रवाई में कई नामी गिरामी लोग भी पकड़ में आए हैं। जिसके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शहर में कई स्थानों पर अवैध तरीके से जुआ और सट्टा खिलाया जा रहा है।***



विदिशा। जुआ खेल रहे लोगों को पकड़कर सिविल लाइन पुलिस थाने लेकर आई और प्रकरण दर्ज किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थ एवं जुआ के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की रात सिविल लाइन पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 18 लाख से अधिक मूल्य का मशरूका जब्त किया है, जिसमें नगदी के साथ दो कारें और चार दोपहिया वाहन शामिल हैं।

थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुआखेड़ी के पास सांवरिया ढाबे के पास खुले मैदान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आरके मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और 12 आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 90 हजार नगद, दो कारें जिनकी अनुमानित कीमत 14 लाख है तथा चार दोपहिया वाहन जिनकी कीमत लगभग 3.20 लाख बताई गई है जब्त कीं। कुल जब्त मशरूका की कीमत 18 लाख 10 हजार 410 बताई जा रही है। इस संबंध में थाना सिविल लाइन पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। पूरी कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह तथा थाना प्रभारी आरके मिश्र के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुस्तैदी और गोपनीयता के साथ अभियान को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक काशवानी ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सम्रेंद्र लोधी निवासी बंटी नगर, विवेक लोधी बंटीनगर, जयदीप कुर्मी बंटीनगर, प्रदीप लोधी दहगांव, नंदकिशोर बंटीनगर, राजकुमार मीणा आकृति कॉलोनी, शिवकुमार ब्योंची, महेंद्र सिंह बड़ागांव, अशोक दांगी बंटीनगर, कुलदीप रघुवंशी निवासी पांझ गांव को पुलिस ने जुआ खेलते हुए पकड़ा है।

## अखिल भारतीय यादव महासभा ने कथित स्वामी आनंद स्वरूप के खिलाफ एफआईआर की मांग की



विदिशा। कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली थाने में सौंपा गया ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- सोशल मीडिया पोस्ट्स को जब्त करने की मांग की गई।

अखिल भारतीय यादव महासभा के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और कथित स्वामी आनंद स्वरूप के खिलाफ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा के बाद स्वामी आनंद स्वरूप ने सार्वजनिक मंच और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अपमानजनक और नफरत फैलाने वाले वक्तव्य दिए।

अधिकारियों ने बताया कि आनंद स्वरूप ने न केवल मुख्यमंत्री को ब्राह्मण द्वेषी, हिन्दू द्वेषी, राष्ट्रद्रोहीर कहकर अपमानित किया, बल्कि यादव समाज, ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की। उन्होंने भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति भी आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया। महासभा ने निवेदन किया कि स्वामी आनंद स्वरूप के भड़काऊ भाषणों, वीडियोज़ और सोशल मीडिया पोस्ट्स को संज्ञान में लेकर जब्त किया जाए और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की जाए। इस कदम से विदिशा में सामाजिक और जातीय सद्भाव बनाए रखने की कोशिश की जा रही है और प्रशासन की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हैं।

### पथ संचलन आज नटेरन में निकलेगा

**नटेरन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपखंड नटेरन में रविवार 12 अक्टूबर को भव्य पथ संचलन का आयोजन किया जा रहा है। यह पथ संचलन ग्राम पंचायत प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मांगलिक भवन प्रांगण में संपन्न होगा। इस आयोजन में नटेरन मंडल, जोहद मंडल तथा रावन मंडल के सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सहभागिता करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य संगठन की एकता, अनुशासन और सेवा भावना का संदेश देना है। पथ संचलन दोपहर 2 बजे से आरंभ होगा। सभी स्वयंसेवकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित समय से पाँच मिनट पूर्व मांगलिक भवन, सेऊ रोड नटेरन पर उपस्थित रहें।

### शताब्दी वर्ष पर आज निकलेगा पथ संचलन

**हरिभूमि न्यूज. कुरवाई।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। नगर के स्वामी विवेकानंद पार्क मुरलीधर मंदिर के पास से प्रमुख मार्गों से बैंड दल, ध्वजवाहक दल एवं संस्थान के विद्यार्थियों, सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की अनुशासित टुकड़ियां भाग लेंगी। पथ संचलन में पूर्ण गणवेश के साथ गौरवशाली इतिहास का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। विदिशा विभाग के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह के उद्बोधन के पश्चात नगर भ्रमण के लिए पथ संचलन रवाना होगा।संचलन का समापन मुख्य आयोजन स्थल पर होगा। स्वयं सेवको ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## एसएटीआई कॉलेज में 3 दिवसीय आइडिएशन वर्कशॉप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- सेमीकंडक्टर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर हैं।

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान एसएटीआई में शनिवार को तीन दिवसीय आइडिएशन वर्कशॉप' का उद्घाटन किया गया। यह कार्यशाला अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई आइडिया लैब और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित की जा रही है।

कार्यशाला का मुख्य विषय सेमीकंडक्टर डिवाइस मॉडलिंग, सिमुलेशन और नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स है। विशेषज्ञ वक्ता डॉ. वरुण मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एमआईटीएस, ग्वालियर ने छात्रों को सेमीकंडक्टर डिवाइस के डिजाइन, मॉडलिंग, सिमुलेशन और नवीन तकनीकी शोध के बारे में जानकारी दी।

डॉ. वाईके जैन, डायरेक्टर ने छात्रों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन सत्र में डॉ. आशुतोष दातार, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. स्वीटी जैन और प्रो. नीरज धाकड़ उपस्थित रहे। डॉ. दातार ने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर हैं, जबकि डॉ. अग्रवाल ने कार्यशालाओं को भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला 11 से 13 अक्टूबर तक चलेगी।

### संघ का त्रिशक्ति संगम बस्ती पथ संचलन आज

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ का त्रिशक्ति संगम बस्ती पथ संचलन आज रविवार को निकाला जाएगा। नगर में तीन केंद्रों से स्वयंसेवक दोपहर 4 बजे एकत्र होंगे। केंद्र 1 (द्वारिका बस्ती) से पथ संचलन अहमदपुर रोड, एसएटीआई रोड होते हुए दुर्गा नगर चौराह पहुंचेगा। केंद्र 2 जगन्नाथ बस्ती एसएटीआई कॉलेज ग्राउंड से स्टेशन रोड होते हुए दुर्गा नगर चौराहा पहुंचेगा। केंद्र 3 गौतमबुद्ध बस्ती जैन कॉलेज प्रांगण से क्रांति चौक और दुर्गा नगर रोड होते हुए चौराह पहुंचेगा। तीनों केंद्रों के स्वयंसेवक दुर्गा नगर चौराहा पर एकत्र होकर मुख्य मार्ग, कोर्ट परिसर और जैन मंदिर से गुजरकर जैन कॉलेज ग्राउंड में प्रवेश करेंगे। मुख्य कार्यक्रम में अतिथि परिचय, अमृतवचन, एकल गीत और प्रार्थना का आयोजन होगा। जिला प्रचार प्रमुख वीरेंद्र रघुवंशी ने संचलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## भारत माता पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर एनएसए कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना मुरवास पुलिस ने भारत माता के विरुद्ध सोशल मीडिया फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी असद खान जिलानी निवासी खुदारामपुर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजा गया है। आरोपी द्वारा 3 अक्टूबर को भारत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर थाना सिरोंज में प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी के कृत्य को समाज एवं राष्ट्र की एकता, शांति और सौहार्द के लिए गंभीर खतरा मानते हुए यह कठोर कार्रवाई की गई।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में गठित टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनएसए की कार्रवाई की।

### उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं सम्मानित



विदिशा। पीएमश्री एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलधार में कक्षा-10 एवं 12 में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्व. यशोदा बाई यादव की स्मृति में यशोदा स्मृति पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रानी पाल, सेजल विश्वकर्मा और पिंकी कुशवाह को नकद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया गया। यह पांचवां पुरस्कार समारोह था।

## रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय व आइसेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक यात्रा निकाली

# पुस्तकों का महत्व विषय पर सारगर्भित परिचर्चा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं आइसेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में नगर में भव्य पुस्तक यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को विधायक मुकेश टंडन तथा प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन ने विवेकानंद चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पुस्तक यात्रा का रथ नीमताल गांधी स्मारक से होता हुआ जब उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचा, तो विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पुस्तकों का महत्व विषय पर एक सारगर्भित परिचर्चा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मंजरी जैन तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा तथा इतिहासकार गोविन्द देवलिया एवं वनमाली सृजन केंद्र के कवि बृज श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किए। मंजरी जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि एआई के इस दौर में पुस्तकों को घर में सहेजकर रखना और उन्हें पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चित्रकला, निबंध, साहित्य एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को मॉमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण इतिहासकार गोविंद देवलिया, वीके जैन, प्राचार्य के सिंह एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने भी संबोधन दिया।





विदिशा। परिचर्चा में बड़ी संख्या में नगर के वरिष्ठजन शामिल हुए।

- पुस्तकों को सहेजकर रखना और पढ़ना अत्यंत आवश्यक।

इस अवसर पर आइसेक्ट के संचालक शिवेंद्र सिंह राजपूत और पूरी टीम का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक पुस्तक का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रभारी संतोष उपाध्याय ने किया। इस पुस्तक यात्रा के आयोजन में विभिन्न शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं साहित्यप्रेमियों का सक्रिय सहयोग रहा।



खबर संक्षेप

## नपा सफाई अमले ने कराई साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचालन को ध्यान में रखते हुए सफाई की गई। जिसमें आवश्यक व्यवस्था एवं सफाई हेतु संजय भावसार की मौजूदगी में नगर में विभिन्न स्थानों से निकलने वाले पथ संचलन के मार्गो का निरीक्षण किया गया एवं नपा सफाई अमले के सहयोग से व्यवस्थित साफ, सफाई कराई गई।

## खीर वितरित की



**गंज बासौदा।** गत दिवस अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनि देव शक्ति धाम पर खीर प्रसाद वितरण किया गया। दीपक तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान गणेश की पूजन अर्चना कर कन्याओं की पूजन की गई। तत्पश्चात शरद महोत्सव के विषय में बताया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम उपाध्याय, भारत पाठक, दिनेश दंडोतिया, सुनील बाबू पिंगले, सतीश शर्मा, राजेश सक्सेना,राकेश तिवारी, दीपक पाराशर, मनोज दुबे, बल्लू यादव, कमल कुशवाहा, छोटेलाल कुशवाहा, मनमोहन बघेल ,अनुज बैरागी, अमित यादव सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## संगोष्ठी आयोजित

**गंजबासौदा।** विश्व दृष्टि दिवस सेवा सप्ताह के दौरान मिल रोड स्थित सतगुरु विज़न सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ प्रवीण कुमार जगा विशेष रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बासौदा में लगातार नेत्र शिविरो का आयोजन किया जा रहा है जो कि सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस who के माध्यम से सर्वप्रथम लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वारा सन 2000 में किया गया जो कि इस वर्ष शानदार 25 वर्ष में प्रवेश कर गया है। उन्होंने कहा कि दृष्टि है तो सृष्टि है इस पंक्ति को सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़ दास महाराज द्वारा चरितार्थ किया गया है।

# नाबालिग का पीछा करने वाले आरोपी को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को न्यायालय अनुराग विवेदी, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने अपने निर्णय में नाबालिग पीड़िता का पीछा करने वाले आरोपी को 2 साल की सजा और 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। उक्त जानकारी पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा देते हुए बताया गया कि अभियोक्त्री ने थाना उनारसीकला में उपस्थित होकर सूचना दी थी कि वह कॉलेज में पढ़ाई करती है। अभियुक्त माह अप्रैल 2024 से घर से कॉलेज आते जाते समय उसका पीछा करता है। अभियोक्त्री ने अभियुक्त से पीछा करने का मना किया और कहा कि मेरा पीछा करना छोड़ दो लेकिन अभियुक्त नहीं माना। फिर अभियोक्त्री ने सारी घटना अपने भाई को बताई तब भाई ने अभियुक्त को समझाया कि मेरी बहन का पीछा करना बंद कर दे, तो अभियुक्त ने अभियोक्त्री के भाई को जान से मारने की धमकी दी। अभियुक्त के बार-बार पीछा करने से परेशान होकर पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियोक्त्री की सूचना पर



धारा 354 घ, 506 भादवि एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण को विचारण के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष कराए गए व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा सहायक जिला अभियोजन अधिकारी दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुराग द्विवेदी ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 354 घ (1) (1) भारतीय न्याय संहिता में 2 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए आरक्षक रीतेश तिवारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा बालिका संवाद एवं सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, एसडीओपी शिखा भलावी, समाजसेवी लक्ष्मी शर्मा ने सहभागिता की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं, मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

### वेद चैतन्य ने उदयपुर के नीलकण्ठेश्वर मंदिर एवं महल का किया भ्रमण

# विश्व प्रसिद्ध उदयपुर में विश्व विरासत में शामिल होने की पूरी क्षमता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

चिन्मय इंटरनेशनल के संन्यासी ब्रह्मचारी वेद चैतन्य का शनिवार को उदयपुर स्थित नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर आगमन हुआ। जहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन की तत्पश्चात मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि केवल नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर ही नहीं, पूरा उदयपुर ही एक महान और बिखरी हुई विरासत का प्रतीक है।

यह आश्चर्य है कि यह अब तक देश की निगाहों से अछूता रहा है। उदयपुर के विश्व विरासत में शामिल होने की पूरी क्षमता है। शासन को इस ओर प्रयास करने चाहिए ताकि सांची और खजुराहो की तरह एक हजार साल पुराने शहर के खंडहर, मंदिर और बावड़ियां भी विश्व की





दृष्टि में आ सकें। केरल के वेलियानाड से उदयपुर हेरिटेज वॉक पर आए चैतन्यजी उदयपुर की विरासत देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि देश में यह अकेली ही ऐसी ऐतिहासिक जगह होगी, जहां इतने अधिक शिलालेख मिलते हैं। यहाँ मंदिर स्थापत्य के विशेषज्ञों को आना चाहिए और यह देखना चाहिए कि स्थापत्य और वास्तु का यह कैसा विकसित केंद्र रहा होगा, जहाँ एक साथ इतने जलस्त्रोत सदियों तक बनते रहे जिनके डिजाइन आज भी दिमाग घुमा देते हैं। यह हमारे गुण संपन्न पूर्वजों की विरासत है, जिसकी रक्षा करना केवल सरकार का काम नहीं है। स्थानीय प्रशासन और पंचायत को अपने स्तर पर इसे साफ सुथरा और कब्जा मुक्त रखने की निरंतर जरूरत है। इस दौरान आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के अधिकारी महेंद्र भवालकर मौजूद रहे। हेरिटेज टीम के प्रवीण शर्मा ने अतिथियों संन्यासी ब्रह्मचारी वेद चैतन्य, महेंद्र भवालकर का फूल मालाओं से स्वागत किया और नीलकण्ठेश्वर महादेव मंदिर एवं परिसर के अलावा महल की सैर कराई। इस दौरान उन्होंने हेरिटेज टीम के प्रयासों की भी जानकारी उन्हें दी।

## विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को उपजेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अनुराग द्विवेदी, प्रथम जिला न्यायाधीश बासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, रावेंद्र कुमार सोनी, तृतीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में किया गया। शिविर में बंदियों को सुरक्षा और स्वास्थ्य , कानूनी सहायता, शिक्षा एवं कानूनी प्रशिक्षण, न्यूनतम मजदूरी, जेल लोक अदालत, संविधान के मूलभूत अधिकार, मूल कर्तव्य, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिये विधिक साक्षरता शिविर योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियो के लिये विधिक सेवाएं योजना 2015 के संदर्भ जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, शेर सिंह यादव, राजेश सक्सेना, क्रांति अहिरवार, सुरेंद्र सिंह सेन, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, उपजेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## चेक बाउंस के मामले में सुनाई 6 माह की सजा




**गंजबासौदा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में रामलीला मार्केट, विदिशा के व्यापारी नेतसिंह को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला किसान की सोयाबीन उपज का भुगतान न करने से संबंधित है। न्यायाधीश आफरीन यूसुफ जई ने व्यापारी नेतसिंह को दोनों चेक बाउंस मामलों में अलग-अलग छह-छह महीने के कारावास की सजा सुनाई। यह मामला वर्ष 2023 का है। ग्राम कूल्हन के किसान रामराज सिंह दांगी और वीर सिंह दांगी ने अपनी 500 क्विंटल सोयाबीन की फसल व्यापारी नेतसिंह को बेची थी। फसल बेचने के बाद व्यापारी ने किसान वीर सिंह दांगी को 10 लाख 70 हजार का चेक एवं रामराज सिंह दांगी को 8 लाख 52 हजार 600 का चेक दिया था। किसानों ने जब ये चेक बैंक में जमा किए, तो खातों में पर्याप्त राशि न होने के कारण दोनों चेक बाउंस हो गए। इसके बाद किसानों ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उच्च न्यायालय के निर्देश पर हुई त्वरित कार्रवाई और पूरे मामले की पैरवी कर रहे एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि चेक बाउंस के इस मामले में व्यापारी नेतसिंह शुरुआत में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। दोनों फरियादी किसानों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने इस प्रकरण को छह महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद न्यायालय ने मामले में तेजी दिखाई और व्यापारी कोर्ट में पेश हुआ। सुनवाई के बाद न्यायाधीश आफरीन युसुफजई ने नेतसिंह को दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई।

# ग्राम ककरावदा में निकाला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर ग्राम ककरावदा में पथ संचलन निकाला गया। यहां उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 2 अक्टूबर विजयदशमी को अपने 100 वे वर्ष में प्रवेश कर दूसरी शताब्दी में प्रवेश किया है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक मंडल केंद्र पर आरएसएस के पथ संचलन निकल रहे हैं।

इसी क्रम में ककरावदा ग्राम की सड़कों पर कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र भक्ति गीतों की धुन पर स्वयं सेवक मुख्य मार्ग से एवं गांव के अंदर से अनुशासन में निकले। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत महामंडलेश्वर बालकदास महाराज नूरपुर धाम एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक के मध्य भारत प्रांत के सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव के नेतृत्व में यह पथ संचलन निकला। रामवीर कौरव ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिवारों में संस्कार विकसित करना और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी दिखाते हुए देश



हित में कार्य करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आरएसएस का निर्माण संस्कृति की रक्षा के लिए हुआ है। रामवीर कौरव ने स्वयंसेवको से जाति और भेद भूलकर एक दूसरे के प्रति अपनेपन की भावना विकसित करने और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का आव्हान किया।

उन्होंने जोर दिया कि देशहित में ही अपना हित निहित है और प्रत्येक स्वयं सेवक को इस दायित्व का भलीभांति निर्वहन करना चाहिए। मध्य भारत प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के ब्रिटिश शासन के दौरान वंदे मातरम का घोष कर अंग्रेजों को चेताने के कार्य का भी उल्लेख किया। इस संगठन ने अब 100 वर्ष पूरे कर दूसरी शताब्दी में कदम रखा है, जिससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालकदास महाराज नूरपुर धाम ने की इसके बाद सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया जिसका ग्राम में एवं मुख्य मार्गों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

### संघ शताब्दी वर्ष पर आज 11 बस्तियों से निकलेगा पथ संचलन

**गंज बासौदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विजयदशमी उत्सव के उपलक्ष्य में इस वर्ष नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन 12 अक्टूबर को 11 बस्तियों से किया जा रहा है। यह संचलन नगर की 11 प्रमुख बस्तियों से एक साथ प्रारंभ होकर जय स्तंभ चौक और मुख्य मार्गों से होते हुए तारण तरण पाठशाला में निर्धारित स्थान पर संगठित रूप से पहुंचेगा। संचलन का शाम 4 बजे तारण तरण पाठशाला में समागम होगा। प्रत्येक बस्ती से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में, हाथों में दंड लिए अनुशासनबद्ध पंक्तियों में कदम से कदम मिलाते हुए चलेंगे। नगर कार्यवाह के अनुसार बस्तियों से निकलने वाला संचलन सरस्वती बस्ती, जय स्तंभ चौक से नेहरू चौक, मील रोड होते हुए पाठशाला गेट तक, तारण एवं दयानंद बस्ती पाठशाला से महावीर विहार, जितेंद्र मीणा वाली गली, लखन रघुवंशी के मकान से होते हुए त्योंदा रोड, पुरानी मंडी की ओर, जहाँ से संचलन पीछे से सरस्वती बस्ती में सम्मिलित होगा। उधम सिंह एवं रविदास बस्ती, भारत माता की झांकी से हरदूखेड़ी अंडरब्रिज, फ्रीगंज स्कूल, नानाजी वाली गली, सुभाष चौक, दीपचंद काका वाली गली, मील रोड, त्योंदा रोड, मंडी रोड तक संचलन रहेगा, जो आगे के दल से जुड़ेगा। विवेकानंद बस्ती एसजीएस कॉलेज से आरंभ होकर जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, मील रोड से पाठशाला गेट तक पहुंचेगा। गायत्री बस्ती रघुवंशी धर्मशाला से भावसार पुलिया, एसडीएम निवास रोड होते हुए विवेकानंद बस्ती के संचलन के पीछे सम्मिलित होगी। राजेंद्र नगर एवं तिरंगा बस्ती बराई पैलेस से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर, गांधी चौक, सावरकर चौक, जयस्तंभ चौक, मील रोड से पाठशाला गेट तक। शीतला बस्ती एवं सावरकर बस्ती रामजानकी मंदिर से सुंदर मंदिर, सावरकर चौक, चांदसी अस्पताल, राजेश माथुर के मकान, रामजानकी गली, जवाहर रोड से सावरकर चौक पर आकर मुख्य संचलन में शामिल होगा।

### मंडी परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# भारत सरकार के कृषि नवाचारों पर हुई चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भारत सरकार के कृषि नवाचारों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर, एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि सुधारों और योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान पीएम धन-धान्य योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों की जानकारी बढ़ाना और कृषि क्षेत्र में सुधार करना है। राष्ट्रीय दलहन मिशन का उद्देश्य दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है, जिससे देश में दलहन की कमी को पूरा किया जा सके। कृषि सुधार कार्यक्रम अंतर्गत कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों पर चर्चा की गई, जिसमें किसानों को आधुनिक तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान अपने सवाल पूछे और जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मंडी के व्यापारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान जानकारी प्रदान की और सवालों का जवाब दिया। इस अवसर पर बीओएमआई तरुण पुरोहित, राजेश शर्मा, मंडी व्यापारी सुखजीत सिंह काके, मंडी सचिव सोहनलाल, इमरतसिंह राजपूत, अरविंद कुलश्रेष्ठ, जसवंत दागी, शंभू सिंह रघुवंशी, आशीष दुबे, श्वेता जैन, शिवानी दुबे सहित हम्माल एवं तुलावट संघ से गंगाराम अहिरवार, विनोद अहिरवार उपस्थित थे।

### द्वितीय सोपान जांच शिविर में भाग लेने नवांकुर डॉल्फिन के स्काउट रवाना




**गंजबासौदा।** स्काउट के द्वितीय सोपान जांच शिविर का आयोजन 11 से 15 अक्टूबर तक विदिशा के ब्रह्म समाज भवन में किया जा रहा है। इस शिविर में भाग लेने के लिए नवांकुर डॉल्फिन के 15 स्काउट शनिवार को विदिशा रवाना हुए। इस शिविर में स्काउट गाइड से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें यह स्काउट भाग लेंगे। इस पाँच दिवसीय स्काउट गाइड जाँच शिविर में स्काउट को विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अच्छे नागरिक कैसे बन सकते हैं? इसकी शिक्षा भी यह स्काउट लेंगे। शिविर में शिविर संचालक, जिला संघ सचिव हरिहर चतुर्वेदी और उनके सहयोगी सदस्यों द्वारा स्काउट की विभिन्न परीक्षाएं ली जाएगी। स्काउट का मार्गदर्शन करने के लिए नवांकुर के स्काउट मास्टर भागीरथ शर्मा भी इनके साथ रहेंगे। यह स्काउट विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में नवांकुर में स्काउट मास्टर रामबाबू पांचाल और भागीरथ शर्मा तथा डॉल्फिन में संदीप जैन के निर्देशन में भागीदारी करते हैं। नवांकुर में सन 2003 से तथा डॉल्फिन में 2011 से स्काउट गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिसमें अब तक नवांकुर के 12 स्काउट राष्ट्रपति पुरस्कार एवं 44 स्काउट राज्यपाल पुरस्कार से तथा डॉल्फिन के 24 स्काउट राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली ने स्काउट को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर माध्यमिक शाला में कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मैजिक बस ने शुक्रवार को माध्यमिक शाला ग्राम नरखेड़ा जागीर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित की। जिसमें मैजिक बस के ट्रेनिंग ऑफिसर वीर सिंह लोधी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं उद्देश्य और कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षक सतीश द्वारा बच्चों को अच्छा पोषण, परंपरागत खेल, मोबाइल से दूरी रखना, आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों ने चित्रकला और मिट्टी से खिलौने बनाए जिसमे उनको प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस दौरान मैजिक बस संस्था से राजेश, नीरज लोधी, संजीव, प्रतीक्षा, अनिकेश राजपूत सहित विद्यालय परिवार, आशा, आंगनवाड़ी, कोटवार, इंजीनियर उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाया करवा चौथ पर्व, बाजार रहे गुलजार

# महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में शुक्रवार को करवा चौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की। व्रत रखने वाली सुहागिनों ने सुबह चार बजे से पहले उठकर दिनभर निर्जला रहकर व्रत पूरा किया। शाम को करवाचौथ की कथा सुनने महिलाएं मंदिर गईं। जहां उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। मिट्टी के बने करवा को सुहागिनों द्वारा बदला गया। परम्परानुसार चांद पूजन के दौरान महिलाओं ने छलनी में दीपक रख अपने पति के चेहरे को देखा और चौथ माता से अपने अखंड सुहाग की कामना की। व्रतधारी महिलाओं ने अपने पति के हाथ से पानी पीने और मिठाई से व्रत का पारणा करने की रस्म निभाई।



करवा चौथ पर महिलाओं ने सज धज कर सोलह श्रृंगार किया। मंदिरों में दर्शन करने के साथ घर-परिवार के बड़े -बुजुर्गा से आर्शीवाद प्राप्त किया। करवा चौथ पर घर-घर में उल्लास और खुशियों का वातावरण रहा। घर-परिवार की महिलाओं ने सामुहिक रूप से पूजन कर व्रत का पारणा किया। व्रत की पौराणिक कथा के अनुसार जब सत्यवान की आत्मा को लेने के लिए यमराज आए तो पतिव्रता सावित्री ने उनसे अपने पति सत्यवान के प्राणों की भीख मांगी और अपने सुहाग को न ले जाने के लिए निवेदन किया। तब यमराज के न मानने पर सावित्री ने अन्न-जल को त्याग दिया। वो अपने पति के शरीर के पास विलाप करने लगीं। पतिव्रता स्त्री के इस विलाप से यमराज विचलित हो गए, उन्होंने सावित्री से कहा कि अपने पति सत्यवान के जीवन के अतिरिक्त कोई और वर मांग लो। सावित्री ने यमराज से कहा कि आप मुझे कई संतानों की मां बनने का वर दें, जिसे यमराज ने हां कह दिया। पतिव्रता स्त्री होने के नाते सत्यवान के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष के बारे में सोचना भी सावित्री के लिए संभव नहीं था। अंत में अपने वचन में बंधने के कारण एक पतिव्रता स्त्री के सुहाग को यमराज लेकर नहीं जा सके और सत्यवान के जीवन को सावित्री को सौंप दिया। कहा जाता है कि तब से स्त्रियां अन्न-जल का त्यागकर अपने पति की दीर्घायु की कामना करते हुए करवाचौथ का व्रत रखती हैं।

#### चन्द्रमा को अर्घ्य, सुनी कथा

करवा चौथ पर महिलाओं ने चन्द्रोदय के दौरान घरों की छतो पर मिट्टी से बने करवे में जलपूर्ण कर चन्द्रमा को अर्घ्य दिया और विविध पूजन सामग्रियों से पूजन कर अखंड सुहाग की कामना की। महिलाओं ने भगवान गणेश, शिव, पार्वती की पूजा की। घर, परिवार और मोहल्ले की महिलाओं के साथ करवा चौथ की कथा को सुना। पंडित राजेन्द्र प्रसाद जोशी के अनुसार करवा चौथ के दिन भगवान गणेश एवं मां पार्वती की पूजन का विशेष महत्व है। मिट्टी के कलश में जलपूर्ण कर उसमें तिल, चावल डालकर करवा दान किया जाता है।

#### वस्त्र-आभूषणों से श्रृंगार

करवा चौथ पर अलसुबह महिलाएं व्रत-पूजन के लिए संकल्बद्ध हुई। पारम्परिक वस्त्रों और आभूषणों से सज धज कर तैयार हुई। कई महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहन्दी रचवाई। वहीं कई महिलाएं ब्यूटी पार्लर में सज-धज कर तैयार हुई। चन्द्रदर्शन व पूजन के दौरान सोलह श्रृंगार में सजी महिलाओं ने करवा चौथ पर पूजन किया।

### जबलपुर से रायपुर वाया डोंगरगढ़ एक्सप्रेस का नाम आचार्य विद्यासागर महाराज नाम हो

# आईजा व सांसद नवीन जैन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर रेलगाड़ी संख्या 11702 जबलपुर से रायपुर वाया डोंगरगढ़ एक्सप्रेस का नाम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर आचार्य विद्यासागर एक्सप्रेस या मूकमाटी एक्सप्रेस रखे जाने का अनुरोध किया।

वही उन्होने कहा कि जैन संप्रदाय के सर्वोच्च संत आचार्य श्री विद्यासागर जी मात्र जैनों के ही नहीं, बल्कि जन-जन के संत हैं। सभी धर्म और जाति वर्ग के लोगों की आस्था और विश्वास के केंद्र आचार्य श्री ने ह्यइंडिया नहीं भारत बोलोह्ल का आह्वान कर स्वदेशी और भारतीय संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कारागारों के बंदियों के लिए हथकरघा केंद्र खुलवाकर उन्हें आत्मनिर्भरता एवं ईमानदारी के कार्यों से जोड़ा। उन्होने पत्र में उल्लेख किया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी ने अपने जीवन में लगभग 1,50,000 किलोमीटर का पदविहार कर मानवता और सद्भाव का संदेश फैलाया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कई बार उनके दर्शन कर मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री



समयसागर जी की सुयोग्य शिष्या परम पूज्या आर्यिका श्री पूर्णमति माताजी का चातुर्मास दिल्ली एनसीआर में चल रहा है। माताजी की प्रेरणा और आशीर्वाद से सम्पूर्ण जैन समाज की ओर से यह निवेदन करते हुए उन्होने कहा कि उक्त रेलगाड़ी का नाम आचार्य श्री के नाम पर रखा जाए, जिससे उनकी स्मृति युगों-युगों तक चिरस्थायी बनी रहे और सभी भारतीय उनके उपकारों को सदैव स्मरण करते रहें। साथ ही आचार्य श्री विद्यासागर जी की कर्मभूमि विशेष रूप से जबलपुर रही, जहाँ उन्होंने सबसे अधिक प्रवास और आत्मसाधना की, जबकि उनकी समाधि डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में हुई। ये दोनों ही स्थान सम्पूर्ण जैन समाज के लिए तीर्थक्षेत्र समान हैं। सांसद नवीन जैन ने कहा कि आगामी आचार्य श्री विद्यासागर जी के जन्मदिवस के अवसर पर दिल्ली एनसीआर में आयोजित कार्यक्रम में इस घोषणा को यदि रेल मंत्री द्वारा किया जाए, तो यह सम्पूर्ण जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष का विषय होगा।

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्टीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखते हुए कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज समस्त देशभर के संत थे। उन्होने भारत देश एंव जैन धर्म के साथ साथ अन्य धर्मो के लिए व देश की एकता अखण्डता सभी धर्म और जाति वर्ग के लोगों की आस्था और विश्वास के केंद्र आचार्य श्री ने ह्यइंडिया नहीं भारत बोलोह्ल का आह्वान कर स्वदेशी और भारतीय संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया था। उन्होने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री भी उनके दर्शन कर कई बार मार्गदर्शन प्राप्त कर चुके है।

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सिरोंज में प्रेसवार्ता का आयोजन

## शासक प्रबंधक बोले :- समिति प्रबंधक और किसान का व्यक्तिगत विवाद था, खाद वितरण प्रणाली नियमों के अनुसार ही जारी

**सिरोंज।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सिरोंज में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए शासक प्रबंधक प्रकाश बाबू शर्मा ने बताया कि किसान मोहन रघुवंशी द्वारा 10 अक्टूबर को खाद न मिलने और खाद के बदल एफआईआर होने को लेकर तहसील कार्यालय पहुचकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया गया था। जिसको लेकर कई समाचार पत्रो में यह समाचार प्रकाशित हुआ था। इस समाचार में जो तथ्य मोहन सिंह रघुवंशी द्वारा बताया कि खाद न देकर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। यह सत्य नहीं है यह विवाद समिति के खाद वितरण व किसान के मध्य न होकर समिति प्रबंधक एवं मोहन सिंह रघुवंशी के मध्य व्यक्तिगत विवाद था। जिसके लिए उनके विरूद्ध फिर दर्ज कराई गई थी। जो कि उन्ही के द्वारा आवेदन देकर 9 अक्टूबर को एफआईआर वापिस लेने के लिए थाना प्रभारी को निवेदन किया गया हैं। उपरोक्त विवाद समिति मुख्यालय पर न होकर सिरोंज में हुआ था। आपसी विवाद में समिति की छवि धूमिल किये जाने पर कन्हैयालाल विश्वकर्मा को 9 अक्टूबर को ही समिति के प्रशासक द्वारा निलंबित कर दिया गया। निलंबित के साथ उन पर आरोप पत्र जारी कर समिति सेवानियम अनुसार कार्यवाही प्रचलन है। समिति का कार्य व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसलिए समिति इकलौद का कार्यभार अस्थाई तौर पर शिवचरण शर्मा प्रभारी शाखा पर्यवेक्षक को दे दिया गया है।

## सिरोंज आगमन पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का स्वागत



**सिरोंज।** भारत के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सिरोंज आगमन पर भाजपा नेता ऋषि चौबे के नेतृत्व में नगर के चौक-चौराहो पर जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। साथ ही क्षेत्र के अनेको ग्रामो में पहुचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्रामीणो से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणो द्वारा फूलो की वर्षा कर श्री सिंधिया का ऐतेहासिक स्वागत किया।

### युवा उत्सव का हुआ भव्य समापन भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित रहे विविध रंगारंग आयोजन

## ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को करते हैं विकसित : डॉ. लाल चन्द्र राजपूत



**सिरोंज।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की श्रृंखला में पोस्टर निर्माण, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, प्रश्न मंच, कोलाज, कार्टूनिंग तथा वक्तृता प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे -** पोस्टर निर्माण में प्रथम रिशिता साहू, द्वितीय शीतल नगीना, तृतीय निशा नामदेव, क्ले मॉडलिंग में प्रथम कान्हा यादव, द्वितीय मयूर यादव,रंगोली प्रतियोगिता प्रथम मधु चौकसे,द्वितीय विनीता कुशवाह,तृतीय स्वाति साहू,प्रश्न मंच में प्रथम निशा नामदेव, द्वितीय रिशिता साहू,तृतीय डाली पंथी, कोलाज प्रतियोगिता प्रथम शीतल नगीना,द्वितीय मयूरी यादव,तृतीय निशा नामदेव, कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम रिशिता साहू,द्वितीय पूनम विश्वकर्मा,तृतीय उमा पाल,वक्तृता प्रतियोगिता में प्रथम रिशिता साहू,द्वितीय सुरक्षा बघेल,तृतीय स्वाति साहू आदि रही। कार्यक्रम की युवा उत्सव प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली ने बताया कि विद्यार्थियों में भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन हेतु यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा।

## विहिप जिला बैठक में धार्मिक कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

### बैठक में बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति




हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

श्री रामलीला मैदान में विश्व हिन्दु परिषद एवं बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी की संयुक्त बैठक हुई। जिला बैठक में पिछले 6 माह में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और आने वाले 6 माह में होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विश्व हिन्दु परिषद की जिला बैठक में प्रान्तीय सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर, विभाग मंत्री दौलत सिंह लोगवानी, विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक मनायें जाने की चर्चा की।

बैठक में विहिप के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के अलावा बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी की बहिनों की भी उपस्थिति रही। आगामी महिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई।

### 70 वर्षों पुराने पशु चिकित्सालय के स्थान पर बनेगा सुविधापूर्ण भवन

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूसरी घोषणा पशु चिकित्सालय भवन निर्माण को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

देश-प्रदेश की स्वतंत्रता के बाद 1956 में पशु चिकित्सालय की स्थापना और भवन का निर्माण हुआ था। लगभग 70 वर्षों पुराना भवन लम्बे समय से क्षतिग्रस्त और खंडहर में तब्दील हो गया। 16 जून को बरेली आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अनेक मांग रखी थी। अब उन मांगों पर कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

बरेली को नपं. से नगर पालिका बनानें संबंधी अधिसूचना जारी होने के साथ दावें आपत्ति आमंत्रित किए गए है। पशुओं की भली प्रकार चिकित्सा हो इसके लिए नयें भवन का निर्माण जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 50 लाख 19 हजार की राशि स्वीकृत की है। शीघ्र ही पशु चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होने की उम्मीद है।



#### नया भवन बनने से पशुओं का होगा बेहतर उपचार

लगभग 70 वर्षो पुराना पशु चिकित्सालय भवन क्षतिग्रस्त होने के साथ दीवारें, खपरैल इत्यादि टूट और धराशाही हो गए है। एक दो कमरों में पशु चिकित्सक बैठनें, दवाओं का स्टाक वितरण की व्यवस्था चल रही है। गंभीर घायल पशुओं को भर्ती कर उपचार की कोई व्यवस्था नहीं है। संस्थाओं, समाजसेवी पशु प्रेमियों द्वारा अस्पताल के एक हिस्सें में शेड डाल कर गंभीर बीमार पशुओं को रख कर उपचार में स्थान की कमी सबसे बड़ी समस्या बनी रहती है। नया पशु चिकित्सालय भवन बनने से पशुओं को भर्ती कर बेहतर उपचार की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा और क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की मांग पर अमल शुरू होने की खबर से पशु पालकों में हर्ष का माहौल बन रहा है। शीघ्र भवन निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

#### *स्टाफ की भारी कमी*

*बरेली के आसपास के दर्जनों ग्रामों में पशु पालकों द्वारा दूध का उत्पादन और नगर में घरों घर बिक्री भी की जाती है। लगभग 25 वर्षो से भोपाल दुग्ध संघ का शीत केन्द्र भी संचालित हो रहा है। ग्रामों में दूध डेयरी भी है। क्षेत्र में लगभग 50 हजार पशु होने की संभावना है। पशु चिकित्सालय में एक डॉक्टर और एक-दो ही कर्मचारी है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश उप पशु औषधालय धीरे-धीरे बंद हो गए। कर्मचारियों की सेवानिवृति के बाद पद रिक्त ही बने रहते है। पशुओं के बीमार, घायल होने पर समय पर समुचित चिकित्सा उपचार कराना हमेशा पशु पालकों की बडी समस्या बनी हुई है। जब तक नया पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण हो उससे पूर्व स्वीकृत रिक्त पडे पशु चिकित्सा कर्मचारियों के पद भरे जाना जरूरी है। जिससे पशुओं को बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकें।*

### जितेन्द्र राठी की दसवीं पुण्य तिथि पर गुरूकुल स्कूल में रक्तदान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

प्रतिष्ठित राठी परिवार के जितेन्द्र राठी पप्पू भैया की 10वीं पुण्य तिथि पर रविवार को गुरूकुल स्कूल में



रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 से शाम 4 बजें तक रखा गया है। स्व. राठी की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन राठी परिवार द्वारा किया जाता है। स्व. राठी, राठी परिवार, रिश्तेदारों के अलावा नगर एवं क्षेत्र के युवकों महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष, किसी की जान बचानें के लिए उत्साहपूर्वक रक्तदान करनें की परंपरा बनी हुई है।

राठी परिवार के भगवानदास राठी गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशान्त राठी ने नगर एवं क्षेत्र के युवाओं से रक्तदान शिविर में गुरूकुल स्कूल पहुंच कर रक्तदान की अपील की है।

### टोल प्लाजा के पास मवेशियों का डेरा, जिम्मेदार उदासीन

# गौशाला संचालन की मात्र औपचारिकता, सैकड़ों मवेशी सड़कों पर

◆ गौअभ्यारण बनाए जाने की क्षेत्र में उठाई गई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर एवं क्षेत्र की सबसे बडी समस्या आवारा, छुट्टा मवेशी बने हुए है। फोरलेन-45 क्षेत्र की प्रमुख सडक़ों एवं नगर में सेकडो मवेशियों के झुंड स्वंय वाहनों की चपेट में आकर घायल और मृत्यु हो रही है। वहीं दूसरों के जीवन के लिए खतरा बन रह है। अधिकांश सडक़ दुर्घटनाओं में आवारा मवेशी कारण बन रहे है। 106 ग्रापं. वाली बाड़ी जनपद में 10-12 गौशालाओं में से अधिकांश के संचालन की मात्र औपचारिकता बनी हुई है।

वही टोल प्लाजा के ठीक आसपास मवेशियों के झुंड बने रहते है। ग्रापं. नगरीय निकायों, टोल प्लाजा, जनपद को आवारा मवेशी हटाने के बार-बार पत्र लिखे जाने के बाद गहरी उदासीनता से स्थान-स्थान पर



आवारा छुट्टा मवेशी अन्यों के जीवन को खतरा बन रहे है।

#### गौ अभ्यारण की मांग

एक दशक पूर्व तक बडे ग्रामों में एवं नगरों में कांजी हाउस हुआ करते थे, छुट्टा मवेशियों को नुकसान पहुंचाने पर बंद किया जाता था। पशु मालिकों से जुर्माना राशि वसूल कर मवेशी छोड़े जाते थे। जब से कांजी हाउस बंद हुए है, पशु पालकों द्वारा दूध न देने वालें गौवंश एवं बछडों को छुट्टा छोड दिया जाता है। आवारा पशु खेतों में घुस कर फसलों को बर्बाद करते है, जिससे क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम का किसान भारी परेशान बना हुआ है। आवारा छुट्टा मवेशी की बनी बडी समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से क्षेत्र में गौ अभ्यारण बनायें जाने की मांग बनी हुई है।

वहीं फोरलेन -45 एवं प्रमुख सडक़ों के किनारे वाली ग्रापं. में प्रमुखता से गौशालाओं का निर्माण कराये जाने की मांग किसानों, ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

#### गौशालाओं की औपचारिकता

बाड़ी जनपद में 106 ग्रापं. है, अभी तक 10-12 गौशालाओं की बमुश्किल निर्माण हुआ। 2-3 गौशालाओं का संचालन हो रहा है, जिनमें अधिकतम 100 मवेशी की क्षमता है। अन्य गौशालाएं किसी न किसी कारण अधूरी या उनका संचालन ही ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है। फोरलेन-45 एवं प्रमुख सडक़ों पर हजारों आवारा मवेशी का स्थान स्थान पर डेरा बना रहता है। कलेक्टर रायसेन के मवेशी हटाने संबंधी आदेश निर्देशों का निचले स्तर पर पालन न होने आवारा मवेशी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# करवा चौथ पर आसमान में छाये रहे बादल, बमुश्किल हुए चंद्रमा के दर्शन

### सोलह श्रंगार कर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मनाया करवा चौथ व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शुक्रवार को सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा पतियों की दीर्घ आयु, परिवार में सुख शांति और अच्छें स्वास्थ्य के लिए दिन भर बिना कुछ खायें पीये करवाचौथ का उपवास रखा। रात में महिलाएं पतियों के घर आने और चन्द्रमा निकलने का इंतजार करती रही। आसमान में घनें बादलों का डेरा होने से चन्द्रमा और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल भी चलनें से रात्रि में 8 से 10 के बीच बमुश्किल चन्द्र दर्शन हो पाए।

**पानी पीकर खोला उपवास :** नगर में हजारों परिवारों की सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा करवाचौथ का निर्जला उपवास रखा गया। नव विवाहित जोडों में करवा चौथ का वृत त्योहार मनानें भारी उमंग उत्साह का माहौल बना रहा। शुभ मुहूर्त और रात का अंधेरा होने के साथ महिलाओं, पुरूषों, बच्चों का घरों की छतों पर पहुंचना शुरू हो गया। पूजन की थाली करवा लेकर सजी धजी महिलाएं छलनी से अपने पतियों के चेहरे देखने



उत्साहित बनी रही, वहीं विवाहित युवा भी अपनी पत्नियों की इच्छा पूरी करने तैयार बने रहे।

पति-पत्नि और परिवार के संबंधों को प्रगाढ बनाने और समपर्ण भाव का करवाचौथ त्योहार पर मोबाइलों में फोटो खींचने और यादगार बनाये रखने का जोरदार प्रयास भी चलता रहा।

## खबर संक्षेप

### पति की लंबी आयु के लिए रखा करवा चौथ का व्रत



**सांची।** नगर में महिलाओं ने अपने-अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखकर भगवान से प्रार्थना की और उनके जीवन में कभी कोई कष्ट ना आए तथा वह हर कार्य में सफलता प्राप्त करें इसलिए निर्जल व्रत रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। वही बाजार में करवा के समान की भीड़ लगी रही। वहीं महिलाएं सज धज कर चंद्रमा का इंतजार करने लगी। वहीं 8:45 के आसपास चांद देखने के बाद महिलाओं ने चंद्रमा की पूजन करने के बाद पति की और इसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण करके व्रत समाप्त किया।

### रेलवे पुलिया में पानी भरा होने से ग्रामीण परेशान



**दीवानगंज।** ग्राम अंबाड़ी छपराई पुलिया के पास रेलवे क्रॉसिंग फाटक को पूरी तरह से बंद कर दिया है। 6 गांव के ग्रामीणों को रोज रेलवे पटरियां पार कर बीमार और गर्भवती महिलाओं को तो ले जाना आम बात है। गर्मी और सर्दी के मौसम में तो ग्रामीण पुलिया में से निकल जाते हैं मगर बारिश में ग्रामीणों को रेल की तीन पटरिया के ऊपर से गुजरना पड़ता है। 6 साल पूर्व ही रेलवे विभाग ने रेलवे फाटक पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। जिसको खोलने के लिए कई सालों से आसपास गांव के ग्रामीण और किसान मांग करते हुए आ रहे हैं। लेकिन रेलवे विभाग किसानों और ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है। कई किसानों की जमीन रेलवे लाइन के उस पार पड़ती है। अंबाडी, सेमरा ,सहित कई गांवों के किसानों को आने-जाने और अपने वाहन को उस पार ले जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रेलवे फाटक से 6 गांव के ग्रामीण रेलवे पटरियां पार कर आते जाते हैं। यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

### मेंटेनेंस के चलते आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

**सलामतपुर/दीवानगंज।** आज रविवार को 132 केवी सब स्टेशन आमखेड़ा पर पोस्ट मानसून मेंटेनेंस के कारण सलामतपुर टाउन सहित आसपास क्षेत्र की विद्युत सप्लाई 8 घंटे बंद रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 132 केवी आमखेड़ा पर मेंटेनेंस के कारण निकलने वाले 33 केवी आमखेड़ा, 33 केवी बेरखेड़ी चौराहा, 33 केवी दीवानगंज और 33 केवी इंडस्ट्रियल फीडर की सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। जिसके कारण सांची, सलामतपुर, दीवानगंज, मेढ़की, मुड़ियाखेड़ा, रातातलाई, ढकना चपना, गुलगांव, ऐरन, सेमरा, तिजालपुर, जमुनिया, निनोद सहित अन्य गांवों की सप्लाई रविवार को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक 8 घंटों के लिए बंद रहेगी।

## सुबह धुंध के साथ महसूस हो रही ठंड, न्यूनतम पारा भी पांच डिग्री तक लुढ़का

# पहाड़ों में हुई बर्फवारी का जिले में भी असर, गुलाबी सर्दी की दस्तक, न्यूनतम तापमान गिरकर आया 16 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम के मिजाज एक बार फिर बदल गए हैं। दो तीन पहले हुई मूसलाधार बारिश के बाद सुबह गुलाबी ठंड ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। लगातार दो रोज से सुबह मौसम में धुंध भी छाने लगी है।

बारिश के बाद मौसम ने करवट ले ली है। गुरुवार से सुबह से गुलाबी सर्दी ने दस्तक दे दी है। सुबह और रात के समय अब हल्की सर्दी महसूस होने लगी है। जिससे लोग गर्म कपड़े निकालने की तैयारी में लग गए हैं। उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का असर जिले में भी देखने को मिल रहा है। न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक लुढ़क गया है। हम आपको यह बता दें बुधवार की रात मौसम सामान्य था। सुबह होते ही मौसम बदल गया।

लोगों ने कूलर और पंखा भी बंद कर दिए। सुबह सड़कों पर भी हल्की धुंध छाई थी और लोगों को गुलाबी सर्दी का अहसास हो रहा था। दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम पारा 19 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। मौसम विभाग की मानें तो 16 अक्टूबर तक बर्फबारी का असर रहेगा। हालांकि इस महीने सर्दी कम रहेगी। लेकिन नवंबर में सर्दी जोर पकड़ेगी।



### फसलों के लिए लाभदायक

*बदलता मौसम फसलों के लिए लाभकारी माना जा रहा है। जिले में अभी तक रिकार्ड तोड़ बारिश हुई है। किसान खेतों में चना, सरसों अन्य फसलों की बोवनी करने को तैयार हैं, लेकिन तापमान अधिक होने के कारण वे इंतजार कर रहे थे। फिलहाल मौसम में बदलाव से दिन का तापमान भी गिर रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो दिन में तेज धूप का असर कम हुआ है। जिससे किसान चने, सरसों अन्य दलहनी फसलों की बोवनी करके अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं इसके बाद किसान धान सोयाबीन फसलों की कटाई करके गेहूं की बोवनी में जुट जाएंगे।*

### इनका कहना है

इस बार ज्यादा पड़ी गर्मी बारिश के बाद अब सर्दी अधिक पड़ सकती है। मौसम कृषि के लिहाज से अच्छा है। किसान पहले चना, सरसों फिर गेहूं की बुवाई कर सकते हैं।

**-डॉ स्वप्निल दुबे,** कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा

## इकलौते नापतौल अधिकारी के भरोसे चल रहा विभाग, दुकानों की समय पर नहीं होती जांच

### जांच का डर न होने एवं ग्राहकों की जल्दबाजी का अनुचित फायदा उठाकर 'कांटामार' दुकानदार बाजार में बने सक्रिय

# ग्राहकों से ठगी : बिना मानक तराजू तौल-कांटे से दुकानदार लगा रहे चूना

- ईंट-पत्थर से तौल, तो कहीं कांटा मार काट रहे जेब, लुट रहे ग्राहक
- दुकानदार कर रहे घिसे हुए तराजू बांटों का उपयोग
- नापतौल विभाग नहीं करता जांच की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

त्योहार का सीजन चल रहा है, बाजारों में भारी भीड़ है। हर कोई खरीदी की जल्दी में है, आपकी इसी जल्दबाजी का अनुचित लाभ उठाने 'कांटामार' दुकानदार भी सक्रिय है। जरा सी नजर हटी तो कांटामार कम तौल कर आपकी जेब काट रहे हैं। नापतौल में घोटाले से त्योहार पर ही शहर में ग्राहकों को लाखों का चूना लगा दिया जाता है।

- नापतौल में घोटाले से त्योहार पर ही शहर में ग्राहकों को लाखों का लगा दिया जाता है चूना

शहर में बड़ी संख्या में त्योहारी सामग्री की दुकानें लग रही हैं। कई दुकानों में पुराने, बिना सील वाले तराजू-बाट उपयोग में लाए जा रहे हैं। डिजिटल तराजू में भी छेड़छाड़ कर कम तौलने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। लेकिन नाप तौल विभाग ने केवल मिठाई, हार्डवेयर व ज्वेलर्स की दुकानों में ही जांच अभियान सीमित रखा है। फुटकर दुकानों में जांच नहीं की जाती।

#### पहले से पैक सामग्री में ठगी

शहर की बड़ी दुकानों, दूध डेयरियों और जनरल स्टोरों, किराना दुकानों रोजाना आवश्यकता सामानों की पैकिंग कर ली जाती है। इनको बिना तौल ग्राहकों को थमा दी जाती है, जबकि घर पहुंचने पर कम ही निकलती है जिससे खुद को ठगा सा महसूस करता है।

#### स्टाफ की कमी का बहाना

जिला नाप-तौल विभाग में निरीक्षकों के 2 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 2 पदों पर सिर्फ एक ही निरीक्षक दोनों पदों का कार्यभार संभाल रहे हैं। एक नापतौल निरीक्षक का इंदौर तबादला हो गया है। वहीं एक प्यून का पद रिक्त है एक बाबू का भी पद खाली है। ऐसे में कर्मचारियों की कमी का बहाना बताकर विभाग जिम्मेदारी से बचता रहता है। विभाग की लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके रिकॉर्ड में रायसेन शहर में मात्र 7 हजार विक्रेता है। अधिकारियों का दावा है कि वे हर दिन 5 दुकानों का निरीक्षण करते हैं, लेकिन उनके पास लिखित डेटा उपलब्ध नहीं है।



#### ध्यान रखने योग्य बातें

- खरीददारी से पहले चैक करना चाहिए कि तराजू पर नापतौल विभाग की सील मुहर स्टीकर लगी है अथवा नहीं।
- सभी पैक्ड सामान पर नेट वैट (शुद्ध वजन)। पैकेजिंग डेट चैक कर लें।
- डिजिटल तराजू की क्षमता के 10 फीसदी भौतिक बांट रखना अनिवार्य होता है।

#### दुकानदार अभी भी कर रहे घिसे हुए तराजू-बांट का उपयोग

*अधिकांश किराना, राशन दुकान, डेयरी, फल-सब्जी, मिठाई खरीदने वाला ग्राहक किसी भी सामान की खरीदी पर विश्वास के साथ यह नहीं कह सकते कि उसे सामान सही तौलकर दिया है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों की इन दुकानों में बगैर सत्यापित बांट तराजू का उपयोग दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है। तौल कांटा व बांट का सत्यापान करने जिम्मेदार विभाग ने जांच करने का काम भी नहीं किया। साप्ताहिक हाट बाजार में लगने वाली दुकानों में उपयोग किए जाने तराजू बांट की जांच नहीं की जाती है। बाजार में फल-सब्जी व किराना दुकानों में विभाग ने काफी समय से दबिश देकर नापतौल उपकरणों की जांच नहीं की गई है। बडी संख्या में आज भी जिले की किराना व राशन दुकानों में बिना सत्यापित इलेक्ट्रानिक तराजू का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। इससे ग्राहकों को कम सामान मिलने की आशंका है।*

#### इलेक्ट्रानिक तराजू की जांच कराए बगैर ही दुकानदार इसका उपयोग कर रहे

जानकारी के अनुसार जिले में 20 हजार से अधिक छोटे बड़े व्यवसायी हैं। इनमें साप्ताहिक हाट बाजार में फल और सब्जी बेचने वाले व्यापारी भी शामिल हैं। छोटे व्यापारियों की दुकानों में सामानों की बिक्री के लिए आज भी मेन्युअल तराजू बांट का उपयोग अधिक हो रहा है। लोहे के तराजू बांट रोज-रोज के उपयोग से घिस जाते हैं। इससे उनका वजन कम होने लगता है। यही कारण है कि पहले इनकी जांच होती थी। इलेक्ट्रानिक तराजू की भी जांच कराए बगैर ही दुकानदार इसका उपयोग कर रहे हैं। जबकि इसमें भी कई प्रकार की तकनीकी खराबी आ जाती है। ऐसे उपकरणों के नापतौल के लिए शासन ने अधिकृत किया है। इसके लिए समय-समय पर कैंप लगाकर जांच करना व तराजू गुणवत्ता जांचकर अपना स्टैंपिंग कराते है। स्टैंपिंग के तहत विभाग 10 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल कर सकते हैं।

#### बगैर जांच मुहर के प्रमाणीकरण

जो 7 हजार विक्रेता हैं वे भी मनमर्जी से सत्यापन कराते हैं। सभी नापतौल यंत्रों को सही मानकर मुहर लगा दी जाती है। वहीं फुटकर व्यापारियों का कहना है कि वजन नाप का प्रमाणीकरण काफी महंगा पड़ता है। इसीलिए शॉर्टकट की जुगाड़ अपना लेते हैं।

#### तराजू- इलेक्ट्रॉनिक कांटों का सत्यापन नहीं

ग्राहकों और विक्रेताओं में नाप-तौल को लेकर विवाद के मामले सामने आ रहे हैं। बांट व तराजू का नियमित सत्यापन कर स्टेम्पिंग करवाना आवश्यक है। लेकिन इस पर काम नहीं हुआ। जिला नापतौल विभाग ने अप्रैल से 15 अक्टूबर तक 112 प्रकरण दर्ज किए हैं। 80,600 रु जुर्माना वसूला गया है, लेकिन ये कारवाई शहर में लगने वाली स्थाई व सीजनल दुकानों की संख्या की तुलना में नाकाफी साबित हो रही है।

#### इनका कहना है

तराजू बांटो के सत्यापन के लिए व्यापारी ऑनलाइन तरीके से आवेदन करते हैं और समय-समय पर शिविर भी जिले में लगाए जाते हैं। शिविर में सभी तरह के तराजू बांट इलेक्ट्रॉनिक कांटों का सत्यापन भी किया जाता है।

**- जेके भावसार,** प्रभारी नापतौल अधिकारी।

## जनजातीय छात्रावासों व संस्कार केंद्रों का निरीक्षण छात्रों से संवाद कर कार्यकर्ताओं से योजना पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विद्याभारती मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी का जिले के जनजातीय अंचलों में प्रवास रहा। इस दौरान उन्होंने भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित बिरसा मुंडा जनजाति बालक छात्रावास सियरमऊ, सरस्वती संस्कार केंद्र पटपरी (ग्राम पंचायत तिनघरा) एवं प.पू. सुदर्शन जनजाति बालक छात्रावास, प्रतापगढ़ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्रों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ पढ़ाई में परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई करके भारत माता को विश्व के शिखर पर पहुंचाना है। यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से जीवन में संस्कार, सेवा और समर्पण के महत्व पर भी चर्चा की।

निरीक्षण के उपरांत उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर सियरमऊ की संचालन समिति के सदस्यों से भी विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालय एवं प्रकल्प के निरंतर विकास हेतु नियमित बैठकें आयोजित कर कार्ययोजना तैयार करें, दायित्व का स्पष्ट विभाजन हो एवं प्रति माह प्रगति की समीक्षा की जाए।

#### केंद्र की गतिविधियों में सहभागिता

संस्कार केंद्र पटपरी में प्रांत के संगठन मंत्री ने छात्र-छात्राओं की विविध गतिविधियों में सहभागिता की और संयोजक मंडल व ग्रामवासियों से संवाद कर केन्द्र की प्रगति एवं सामाजिक प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रवासी कार्यकर्ता और जिला टोली की संयुक्त बैठक भी हुई, जिसमें जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने कार्य की स्पष्ट कार्य योजना बनाएं, मातृ सम्मेलन जैसे आयोजनों को विधिवत संपन्न करें, संघ शताब्दी वर्ष पर समाज की सहभागिता सुनिश्चित करें छात्रावास एवं संस्कार केन्द्रों में निरंतर संपर्क व सहभागिता बनाए रखें।

## वन अमले ने घेराबंदी कर पकड़ी कीमती सागौन की सिल्लियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सामान वन मंडल रायसेन की डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के निर्देश पर सिलवानी एसडीओ इंदर सिंह बारे वनपरिक्षेत्र पश्चमी के वनरेंजर एमके पालेचा के साथ मुखबिर से सूचना मिलने पर लव्बैक फर्नीचर मार्ट के मालिक कलीम पिता अलीम खान की दुकान पर वन अमले द्वारा घेराबंदी कर छापामारी कार्रवाई की।

कार्रवाई में लकड़ी फर्नीचर माफियाओं में हड़कंप मच गया है। वन अमले द्वारा 186 नग सागौन की सिल्लियां जिसकी कीमत एक लाख रुपए आंकी गई। आरोपी कलीम खान के खिलाफ वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत केस रजिस्टर्ड करते हुए लायसेंस निरस्त किए जाने की कार्रवाई की गई है।



मालूम हो कि सिलवानी मुख्यालय सहित आसपास के गांव में कई छोटे बड़े फर्नीचर मार्ट चल रहे हैं। यह सब फर्नीचर का अवैध कारोबार वन अमले की मिलीभगत से सालों से फल फूल रहा है। इन अवैध फर्नीचर संचालक राजनैतिक दलों के सफेदपोश नेताओं का भी वरदहस्त प्राप्त होता है। इन्हीं की आड़ में कमाई का यह गोरख धंधा लंबे अरसे से चल रहा है।

### पुलिस की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

## नगर में जोरों पर सट्टा-जुआ का कारोबार, फंस रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में इन दिनों सट्टा-जुआ का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। चौक-चौराहों, से लेकर गली-मोहल्लों और चाय की दुकानों तक में चोरी-छिपे सट्टे की पर्चियां काटी जा रही हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अवैध धंधे में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल हो गया है, जो तेजी से पैसा कमाने की चाह में इस खतरनाक दलदल में उतरते जा रहे हैं।

अब सट्टे का खेल पुराने अंदाज़ में नहीं, बल्कि तकनीक के सहारे खेला जा रहा है। मोबाइल फोन और वाट्सएप के जरिए नंबर भेजे जा रहे हैं और रुपए का लेन-देन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है। इससे सटोरियों को पकड़ना मुश्किल होता जा रहा है। शहर के कई हिस्सों में यह कारोबार छिपे तौर पर निरंतर जारी है।

#### घर व परिवारों की उजड़ रही खुशियां

'सट्टे की लत ने कई घरों को बर्बादी के कगार पर ला दिया है। लोग उधार लेकर, जेवर गिरवी रखकर तक इस खेल में पैसे लगा रहे हैं। कई परिवार आर्थिक संकट में डूब चुके हैं। नगर में सट्टे की लत युवाओं के बीच तेजी से फैल रही है। जल्दी अमीर बनने की चाह में युवा एक रुपए से अस्सी बनाने के झांसे में आ रहे हैं और अपनी जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं। समाज में यह प्रवृत्ति चिंता का विषय बन चुकी है। टीआई पूनम सविता ने कहा कि मीडिया से जानकारी मिली हैं टीम भेज कर कार्रवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री ने धन-धान्य योजना व दलहन आत्मनिर्भर मिशन का किया शुभारंभ

## धनधान्य योजना में मप्र के 46 जिले समेत रायसेन भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा में शनिवार को दोपहर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर से पीएम धन-धान्य योजना व दलहन आत्मनिर्भर मिशन का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ राजीव रंजन सिंह, मत्स्य पालन मंत्री, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। वर्ष 2014 से अब तक खाद्यान्न उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 4 करोड़ टन से अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है। हालांकि दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की आवश्यकता है। जिसके लिए दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जा रहा है। इस मिशन में देश के 421 जिलों का चयन किया गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के 47 जिले में रायसेन जिला भी शामिल है।



"पीएम धन-धान्य योजना" के तहत देश के 100 आकांक्षी कम उत्पादक जिलों की पहचान की गई है। जहां सिंचाई, भंडारण, ऋण सुविधाओं और फसल विविधीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह पहल किसानों की आय और उत्पादन क्षमता दोनों बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

इस कार्यक्रम में एसडीओ कृषि जी.एस. रैकवार, सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. स्वप्निल दुबे, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, डॉ. मुकुल कुमार, रंजीत सिंह राघव, डॉ. अंशुमान गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मृदा वैज्ञानिक रंजीत सिंह राघव द्वारा रबी सीजन में डीएपी खाद की कम उपलब्धता को देखते हुए विकल्प के रूप में एन.पी.के. 12:32:16, 10:26:26, 16:16:16, 14:35:14, व 20:20:0:13 के उपयोग व साथ ही रबी फसलों में बीज उपचार के लिए नैनो डीएपी 4 मिली प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करने की जानकारी दी गयी। पौध संरक्षण वैज्ञानिक द्वारा डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी द्वारा निर्यात की जाने वाली बासमती धान में प्रतिबंधित कीटनाशकों एसीफेट, इमिडाक्लोप्रिड, क्विनालफॉस, ट्राईसाइक्लाजोल, कार्बेंडाजिम, बुप्रोफेंजिन के न उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती की तकनीकी बताई गई। कृषि वैज्ञानिक आलोक कुमार सूर्यवंशी, पंकज भार्गव द्वारा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में तकनीकी सहयोग किया।

इस कार्यक्रम में सांची ब्लॉक के ग्राम सोनकच्छ, डाबर, नकतरा, अमरावद, कुरावत, भूसीमेटा, हिनौतिया, गुंदरई, खण्डेरा, किशनपुर, ईंटखेड़ी, मेढ़की, सेवासनी, मेहगांव, बड़ौदा, बनखेड़ी, हकीमखेड़ी, गैरतगंज ब्लॉक के गढ़ी, देहगांव, चांदपुर, सर्रा, पटी, अंधियारी, औबेदुल्लागंज ब्लॉक के सेमरी कलां, मगरई, सुल्तानपुर, ताड़ी, बाड़ी के ईंटखेड़ी, सिलवानी विकासखण्ड के रमपुरा कला व रमपुरा खुर्द, उदयपुरा विकासखण्ड के सुल्तानगंज आदि के लगभग 28 गांव से 475 किसान व 67 महिला महिला किसान कुल 542 उपस्थित रहे।

#### किसानों के साथ कृषक परिचर्चा का आयोजन

कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के बाद उपस्थित महिला पुरुष किसानों के साथ कृषक परिचर्चा का आयोजन किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. स्वप्निल दुबे द्वारा रबी मौसम में दलहनी फसल चना व मसूर में उक्ठा रोग एक मुख्य समस्या है। इसके नियंत्रण के लिए उन्नत प्रजातियां पूसा मानव, पूसा पार्वती, जवाहर चना-36, जवाहर चना-52, जवाहर चना-18, आरव्हीजी -204, आरव्हीजी-205 का चयन करें।